विवरण

मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में, 1996-97 के दौरान चालू की गयी, वर्तमान में कार्यान्वयनाधीन एवं स्थापित किए जाने हेतु परिकल्पित टी०वी० परियोजनाएं :

(1) 1996-97 के दौरान चालू की गयी टी०वी० परियोजनाएं :

1. अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, जशपुरनगर।

2. अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, कोन्डागांव।

(2) कार्यान्वयनाधीन टी०वी० परियोजनाएं :

1. अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, सारनगढ़

चिन 2. अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, सक्ति

3. अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, नारायणपुर

4. अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, कोलीबेडा

5. अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, मोदकपाल

6. अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, बीजापुर

7. अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, पेन्ड्रा रोड

(3) स्थापना हेतु परिकल्पित टी०वी० परियोजनाएं :
(स्कीमें अभी सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत की जानी हैं)

1. उच्च शक्ति ट्रांसमीटर, अम्बिकापुर

2. अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, पाथालगांव

3. अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, खाराड़

संकेत चिन्ह: एच०पी०टी०: उच्च शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर

एल०पी०टी०: अल्प शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर

वी०एल०पी०टी०: अति अल्प शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर

आकाशवाणी और दूरदर्शन पर शैक्षणिक कार्यक्रम प्रसारण के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय को आबंटित समय

1760. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय को शैक्षणिक कार्यक्रमों से प्रसारण हेतु वर्ष 1995 और 1996 में आकाशवाणी और दूरदर्शन पर कुल कितना समय आबंटित किया गया;

(ख) इस अवधि में दोनों संस्थाओं द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में कितने-कितने समय के लिए कार्यक्रम प्रसारित किए गए;

(ग) क्या इन कार्यक्रमों का उद्देश्य हिन्दी माध्यम अथवा अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन के अवसर उपलब्ध कराना है; और

(घ) यदि हां, तो हिन्दी भाषा की तुलना में अंग्रेजी भाषा कार्यक्रम प्रसारित करने के लिए अधिक समय आबंटित किए जाने के क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री(श्री सी०एम० इब्राहीम): (क) और (ख) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय कार्यक्रमों का प्रसारण/टेलीकास्ट क्रमशः उच्चतर शिक्षा तथा दूरवर्ती शिक्षा के अन्तर्गत किया जाता है। 1995 तथा 1996 के दौरान शैक्षिक कार्यक्रमों के टेलीकास्ट/प्रसारण हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय को आंवटित हिन्दी और अंग्रेजी कार्यक्रमों की अवधि सहित समय स्लॉटों के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ग) तथा (घ) शैक्षिक प्रसारण/टेलीकास्ट विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कार्यक्रम सामग्रियों पर आधारित होता है जो भाषा तथा अवधि के संदर्भ में भिन्न-भिन्न होता है। आकाशवाणी और दूरदर्शन भाषा के आधार पर कार्यक्रमों में भेदभाव नहीं करते हैं।

विवरण

हिन्दी तथा अंग्रेजी में कार्यक्रमों के समय एवं अवधि सहित शैक्षिक प्रसारण हेतु समय स्लॉट की स्कीम के ब्यौरे:—

वर्ष		विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय
आकाशवाणी		
1995	—	आकाशवाणी, मुम्बई—हिन्दी में 30 मिनट (सुबह 7.15 बजे से 7.45 बजे तक) आकाशवाणी, हैदराबाद—अंग्रेजी में 20 मिनट (सुबह 7.00 बजे से 7.20 बजे तक) जून, 1995 तक। उत्तर-पूर्वी सेवा, शिलांग—20 मिनट बृहस्पतिवार को हिन्दी में (सुबह 7.00 बजे से 7.20 बजे तक) तथा सोमवार, मंगलवार तथा बुधवार को अंग्रेजी में।
1996	—	आकाशवाणी, मुम्बई—30 मिनट (सुबह 7.15 बजे से 7.45 बजे तक) अक्तूबर, 1996 तक हिन्दी में। उत्तर-पूर्वी सेवा, शिलांग—20 मिनट (सुबह 7.00 बजे से 7.20 बजे तक) दिसम्बर, 1996 तक बृहस्पतिवार को हिन्दी में तथा सोमवार, मंगलवार तथा बुधवार को अंग्रेजी में।

वर्ष	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
दूरदर्शन (राष्ट्रीय नेटवर्क)		
1995	हिन्दी: सुबह 6.00—6.30 बजे (सोमवार, बुधवार, शुक्रवार) अंग्रेजी: सुबह 6.00—7.00 बजे (मंगलवार, बृहस्पतिवार, शनिवार, रविवार) दोपहर 1.00—2.00 बजे (सोमवार से शनिवार)	सुबह 6.30—7.00 बजे (सोमवार, बुधवार, शुक्रवार) हिन्दी तथा अंग्रेजी में।
1996	सुबह 6.00—7.00 बजे (दैनिक)* दोपहर 1.00—2.00 बजे (सोमवार से शनिवार)	सुबह 6.00—7.00 बजे (दैनिक)*

*विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आपस में समय का बंटवारा किया जाता है तथा भाषा कार्यक्रम सामग्रियों की विषय-वस्तु पर आधारित होती है।

CBI Inquiry against New Delhi Television and 'World This Week'

1761. SHRI SANJAY NIRUPAM: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether any CBI inquiry has been instituted against New Delhi Television and TV Programme World This Week;

(b) if so, the details alongwith outcome thereof; and

(c) if not, what action has been taken in that regard?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) to (c) No CBI inquiry has been instituted against M/s New Delhi Television and the TV programme 'World this Week' at the instance of the Ministry of Information & Broadcasting. Nor have the CBI intimated that they have instituted any inquiry on their own.